# कार्यालय—जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय, भिण्ड (म0प्र0)

क्रमांक / स्था0 / जि.वि.से.प्रा / 127 / 2026 भिण्ड, दिनांक 22.04.2026

## संविदा वाहन चालक के पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड में **संविदा वाहन चालक** के अस्थाई रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं उम्मीदवार नियत प्रारूप में आवेदन पत्र वांछित सहपत्रों सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड में दिनांक **04.05.2026 तक** कार्यालयीन समय पूर्व सायं 05 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। पद का विवरण निम्नानुसार हैः—

| क्रमांक | पद का नाम | वर्ग (पुरूष) | पद की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | **संविदा वाहन चालक** | अनारक्षित पुरूष वर्ग | 01 |

**1. पद की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं तकनीकी अर्हतायें:—**

(क) अभ्यर्थी को शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी बोर्ड / संस्था से न्यूनतम दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(ख) अभ्यर्थी के पास आवश्यक रूप से ड्राईविंग लाइसेंस व सभी प्रकार के वाहनों के संचालन का अनुभव होना चाहिये।

(ग) योग्य वाहन मैकेनिक को वरीयता दी जावेगी।

**2. आयु सीमाः—**

आवेदक की आयु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

**3. चयन प्रकियाः—**

अभ्यर्थी का चयन साक्षात्कार द्वारा किया जावेगा तथा यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई है जिसे कभी भी समाप्त किया जा सकेगा। वाहन चालक की भर्ती निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित चयन प्रकिया के माध्यम से की जावेगी जिसमें व्यक्तिगत साक्षात्कार एवं व्यवहारिक ड्राइविंग परीक्षा भी सम्मिलित होगी।

**4. आवेदन पत्र भरने के संबंध में दिशा निर्देशः—**

1. आवेदक विज्ञापन के साथ दिये गये आवेदन पत्र के विहित प्रारूप में ही आवेदन करें अन्य किसी प्रारूप पर प्रस्तुत किये गये आवेदन अमान्य होंगे।
2. आवेदन पत्र पूर्ण व सुस्पष्ट भरा होना चाहिये।
3. विहित प्रारूप में कोई भी कण्डिका रिक्त न छोड़ें, अधूरा भरा हुआ आवेदन पत्र अमान्य / अस्वीकार किया जावेगा।
4. घोषणा पत्र पर पूर्ण हस्ताक्षर किये जाने चाहिये अन्यथा आवेदन पत्र अमान्य / अस्वीकार किया जावेगा।

5. सामने से खींचा हुआ पासपोर्ट आकार का फोटो निर्धारित स्थान पर ठीक तरह से चस्पा किया हुआ होना चाहिए।

6. जन्मतिथि अन्तर्राष्ट्रीय अंकों में ही अर्थात 0,1,2,3,4,5,6,7,8,9 में ही अंकित की जाये।

7. आवेदन पत्र में जो लागू न हो उस कॉलम में गलत का चिन्ह (गलत) तथा लागू होने वाले स्थान पर सही (सही) लगायें।

**5. <u>आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटो प्रतियां संलग्न करें:–</u>**

1. संभागीय दसवीं तथा बारहवीं की उत्तीर्ण की अंकसूची। साथ ही शैक्षणिक/तकनीकि योग्यता प्रमाण–पत्र/अंकसूची के अनुसार ही जानकारियां दर्ज करना अनिवार्य है, कोई विसंगति स्वीकार्य नहीं होगी।

2. रोजगार कार्यालय में अभ्यर्थी के पंजीयन का जीवित पंजीयन कार्ड की छायाप्रति यदि कोई हो तो।

3. स्वयं का पता लिखा एक रजिस्टर्ड लिफाफा जिसमें पर्याप्त डाक टिकिट चस्पा कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें पर्याप्त डाक टिकिट के अभाव में आवेदन पत्र अमान्य/अस्वीकार किये जायेंगे।

**6. <u>आवश्यक दिशा–निर्देशः–</u>**

1. शैक्षणिक/तकनीकि अर्हता से संबंधित समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों की मूल प्रतियां साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

2. साक्षात्कार की तिथि, स्थान व समय अभ्यार्थी को पृथक से सूचित किया जायेगा।

3. चयन प्रकिया पूर्णतः निःशुल्क है।

4. जिनकी दो से अधिक संतान हों, जिसमें से एक जन्म 26/01/2001 को अथवा उसके पश्चात् हुआ हो वे व्यक्ति आवेदन न करें।

5. म0प्र0 सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 6 के अनुसार नियुक्ति के लिये व उम्मीदवार अपात्र न हों।

6. साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले किसी भी वर्ग अथवा श्रेणी के अभ्यार्थी को किसी भी तरह का यात्रा भत्ता व आहार देय नहीं होगा।

7. ''योग्य मैकेनिक'' की विशिष्टता प्राप्त करने के लिये आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक/तकनीकि योग्यता, वाहन चालक के पद हेतु अयोग्यता का गठन नहीं करेगी।

22.4.26

**(अनुभूति गुप्ता)**
**न्यायाधीश/सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**
**जिला न्यायालय, भिण्ड म0प्र0**

# आवेदन–पत्र

प्रति,

माननीय सचिव महोदया,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
जिला न्यायालय भिण्ड

फोटो

**विषयः–** संविदा वाहन चालक के पद पर नियुक्ति के संबंध में।

——000——

**माननीय महोदया जी,**

विनम्र निवेदन है कि मैं स्वेच्छा पूर्वक संविदा वाहन चालक के पद पर कार्य करने हेतु सहमत होकर तद्‌नुसार दिए गए कार्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा। तद् संबंध में मेरा विवरण निम्नानुसार है।

1. नामः– ..........................................................
2. पिता / पति का नामः– ..........................................................
3. माता का नामः– ..........................................................
4. वर्तमान पताः– ..........................................................
5. स्थाई पताः– ..........................................................
6. जन्म दिनांकः– ..........................................................
7. वर्ग(सामान्य / एस.सी / एस.टी / पिछड़ वर्ग):– ..........................................................
8. लिंग पुरूष / महिलाः– ..........................................................
9. राष्ट्रीयताः– ..........................................................
10. व्यवसायः– ..........................................................
11. शैक्षणिक योग्यताः– ..........................................................
12. अन्य विवरणः– ..........................................................
    (कार्यानुभव यदि कोई हो तो)
13. सम्पर्क सूत्र(मोबाइल न0):– ..........................................................
14. रोजगार पंजीयन का विवरण ..........................................................
15. **शैक्षणिक** / प्रावधिक योग्यता प्रमाण–पत्र (संलग्न करें) ..........................................................
16. ई–मेल आई.डी.(यदि हो तो):– ..........................................................

## //घोषणा पत्र//

यह कि मैं.............................................................................आत्मज..............................................

सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सभी सूचनायें सही हैं यदि इनमें कोई तथ्य असत्य पाया जाये तो मेरा आवेदन रद्द कर दिया जावे।

**संलग्न प्रमाण–पत्र–** 1. शैक्षणिक योग्यता, 2. विशिष्ट उपलब्धि या कार्य बावत् कोई प्रमाणपत्र 3. आधार, पैन, मतदाता परिचय पत्र 4. कार्यानुभव का प्रमाण पत्र 5. एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ 6. अन्य प्रमाण पत्र 7. ड्राइविंग लाईसेंस 8. मैकेनिक प्रमाण–पत्र यदि हो, तो।

**नोटः–संबंधित के द्वारा जमा किये गये दस्तावेज स्वयं प्रमाणित किये जावें।**

**स्थानः–**

**दिनांक**

**आवेदक के हस्ताक्षर**